सर्वेक्षण हो रहा है, लेकिन इस सदन में बार-बार यह आश्वासन दिया गया है कि दरभंगा-समस्तीपुर लाइन के सर्वेक्षण का सवाल नहीं है, केवल 22 किलोमीटर है, मंत्री जी तो वहां रहते ही हैं, लेकिन फिर भी उस पर ध्यान नही दे रहे है । 22 किलोमीटर है दरभंगा से समस्तीपुर। समस्तीपुर से बाराबंकी लाइन आपकी चली जा रही है । दरभंगा डिवीजन का हैड-क्वार्टर है, 7 लाख की आबादी है, नार्थ बिहार का सब से बडा शहर है। अगर 22 किलोमीटर दरभंगा-समस्तीपुर बड़ी लाइन हो जायेगी तो यह बड़ा रीजन है, जिससे बहुतों को लाभ होगा। आप जानते है ललित बाबू जब मंत्री थे, तो उस समय सर्वे हो चुका था, स्टेशन भी बन गया था, लेकिन वह सब कहां चला गया ?

**श्री केदार पांडे** : यह तो मैंने कहा कि दरभंगा से समस्तीपुर लाइन बी०जी० होने जा रहा है, उसका प्रीलिमिनरी स्टार्टेड है, यह सब ठीक है । लेकिन जहां बाराबंकी से समस्तीपुर की बात है वह तो है ही, उसको हम भी जानते है, आप भी जानते है ।

**ईरानी जहाजों से लापता भारतीय**

147. **श्री राजेश कुमार सिंह** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ईरान-इराक युद्ध के दौरान ईरानी जहाजों से लापता बहुत से भारतीयों का अभी तक पता नहीं चला है ;

(ख) क्या भारत सरकार को इन भारतीयों के बारे में ईरान सरकार से जानकारी प्राप्त हुई है ; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है ?

**विदेश मंत्री (श्री पी० वी० नरसिंह राव)** : (क) और (ख). सरकार को इस प्रकार की कोई सूचना नहीं है। ईरानी जहाजों के कर्मीदलों के किसी भी भारतीय के लापता होने की ख़बर नहीं है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

**श्री राजेश कुमार सिंह** : क्या मंत्री महोदय को उस बात की जानकारी है कि समाचारपत्रों में इस तरह के समाचार छपे है कि वहां पर कुछ भारतीय ईरानी जहाजों से लापता है ? मै यह भी जानना चाहता हू कि ईराक और ईरान मे कितने भारतीय है और उनकी सुरक्षा और उनके हितों की सुरक्षा के लिए क्या व्यवस्था की गई है । क्या इस बारे में उन सरकारों से कोई सम्पर्क स्थापित किया गया है ?

**श्री पी० वी० नरसिंह राव** : यह प्रश्न ईरानी जहाजो के बारे में है मैंने कहा कि है इस बात का पता नही है कि ईरानी जहाजों से कोई भारतीय काम करने वाले लापता हुए हों, या उन पर कोई मुसीबत पड़ी हो। मैंने अपने वक्तव्य में बताया है कि शैतुल-अरब में तीन हिन्दुस्तानी जहज रुक गये है और कुछ लोग वहां से निकाले गये है, कुछ लोग वापस आ गये है। मैंने अपने वक्तव्य में सारे तथ्य दे दिये है। ईरानी जहाजो के बारे में ऐसी कोई खबर नहीं है ।

**श्री राजेश कुमार सिंह** : ईराकी जहाज हों या इरानी जहाज, क्या वहां पर कोई भारतीय लापता हुए है ? यह राष्ट्र हित, राष्ट्रीयता और राष्ट्र के नागरिको की बात है ।

**श्री पी० वी० नरसिंह राव** : इसका जवाब पूरी तरह से दिया जा चुका है यह प्रश्न है इरानी जहाजो के बारे में,

जिसके उत्तर में मैंने कहा है कि ऐसी कोई खबर हमारे पास नहीं है, और ऐसा नहीं हुआ है। जिन जहाजों के बारे में मैं अपने वक्तव्य में कह चुका हूं, यदि माननीय सदस्य कहें, तो उसको दोहरा सकता हूं। तीन हिन्दुस्तानी जहाज हैः हिमालय शिपिंग कंपनी का **नीलकंठ**, ठाकुर शिपिंग कंपनी का **वरुण-यान** और रेशमवाला शिपिंग कंपनी का **श्रीविष्णु** बसरा में है। एक और हिन्दुस्तानी जहाज **विजय-अवतार** खुर्रमशहर में है।

**श्री छांगुर राम** : क्या वहां पर कोई भारतीय लापता हुए है ? वे ईरानी जहाजों से लापता न हुए हों, वे कहीं और लापता हुए हैं ?

**श्री पी० वी० नरसिंह राव** : मैं माननीय सदस्य के पूछे हुए सवाल का जवाब दे रहा हूं—जो वह पूछना चाहते है, उसीका मैं जवाब दे सकता हूं। किसी और सवाल का जवाब मैं नहीं दे सकता हूं। मेरे पास जो सूचना है, वह मैं आपके सामने पेश कर रहा हूं। चार हिन्दुस्तानी जहाजों में से, जिनके नाम मैंने अभी बताये है, कुछ लोग निकाले गये हैं। एक जहाज के बारे में मैं कह सकता हूं। वहां पर 34 काम करने वाले हिन्दुस्तानी थे, जिनमें से 33 किसी तरह से बसरा पहुंचे और हिन्दुस्तान वापस आये। वहां एक काम करने वाला कैडेट अंबू है, जिसका पता अभी तक नहीं चल पा रहा है। हम दोनों सरकारों से सम्पर्क बनाये हुए हैं। वहां पर काम करने वाले कर्मचारियों को हजारों की संख्या में वापस लाया जा चुका है। कई लोग नहीं आना चाहते है। वे वहीं काम कर रहे हैं। यह सब मैं कह चुका हूं।

DR. VASANT KUMAR PANDIT : I would like to know from the hon. Minister, how many Indians are working as crew on Iranian ships. Two ships have been sunk. So, I want to know whether the Indian crew on Iranian ships are dead or missing.

SHRI P. V. NARASIMHA RAO : I have already said it.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Question Hour is over.

---

## WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

### Construction of a light house in Andhra Pradesh

*146. SHRI P. RAJAGOPAL NAIDU : Will the Minister of SHIPPING AND TRANSPORT be pleased to state :

(a) Whether there is a proposal to construct a Light House at Machilipatnam in Andhra Pradesh ;

(b) if so, when it will to taken up ; and

(c) the cost of the scheme ?

THE MINISTER OF SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI VEEEENDRA PATIL) : (a) Yes, Sir.

(b) The work of construction of the Lighthouse has already been taken up in September, 1980.

(c) The scheme has been sanctioned at an estimated cost of Rs. 32·40 lakhs.

### Food Sample Survey by all India Institute of Hygene and Public Health

*148. SHRI CHHANGUR RAM : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state :

(a) Whether it is a fact that according to the food sample survey recently conducted by the All India Institute of Hygiene and Public Health, residues of pesticides like DDT were found in majority of the cases :

(b) if so, the details thereof; and

(c) the steps taken by Government in the matter ?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND) : (a) & (b) No Sir, However, according to a food sample survey conducted in Calcutta between November, 1975 and October, 1976 by the All India Institute of Hygiene and Public Health, residues of pesticides like DDT were found in about 24 per cent of the sample.

(c) The attention of the West Bengal Government has been drawn to the results of the said Survey for needed action.